# अटारी जोधपुर में ‘सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025’ शुरू

जोधपुर, अक्टूबर 28, 2025

भाकृअनुप-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसन्धान संस्थान, क्षेत्र -2, जोधपुर में ‘सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025’, की शुरुआत अक्टूबर 27, 2025 से हुई, जिसमें संस्थान के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने केंद्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट (www.cvc.gov.in) पर जाकर सत्यनिष्ठा की ई-शपथ लेने की शुरुआत की।

आज दिनांक अक्टूबर 28, 2025 ‘सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025’ के अंतर्गत संस्थान के सभी अधिकारीयों ने सामूहिक भौतिक रूप से सत्यनिष्ठा की शपथ ली। इस वर्ष के ‘सतर्कता जागरूकता सप्ताह’, की थीम ‘सतर्कता: हम सबकी जिम्मेदारी’, निश्चित रूप बहुत ही सार्थक है, और हम अपने दैनिक जीवन में सतर्क रहें और कहीं भी भ्रष्टाचार और भ्रष्ट आचरण दिखे तो हमें इसके बारे में उचित मंच पर, उचित अधिकारीयों को सूचित करना चाहिए, जिससे हम भ्रष्टाचार मुक्त समाज बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके।

डॉ. बाबु लाल जांगिड़, प्रधान वैज्ञानिक (कृषि प्रसार) एवं सतर्कता अधिकारी, ने सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई, और कहा कि हममें से प्रत्येक यदि देश की भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में एक सच्चा सिपाही बन जाएँ और हमने जो आज सत्यनिष्ठ की शपथ ली है उसके अनुरूप अपना कर्तव्य निभाएँ तो कोई कारण नहीं कि हम भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई नहीं जीत पाएं।

संस्थान के 35 अधिकारीयों एवं कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा की भौतिक रूप से शपथ ली।

*स्रोत: भाकृअनुप-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसन्धान संस्थान, क्षेत्र -2, जोधपुर*




